अमर उजाला । 15/02/2024

ज्ञानवर्धक

जीएमएन कॉलेज के जसवंत राय मेमोरियल पुस्तकालय की ओर से आयोजन

कार्यशाला में डाटाबेस के उपयोग पर दिया जोर

कार्यक्रम के दौरान गणमान्य को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य। संस्था

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के एनसीसी विभाग की ओर से महिला दिवस का भी आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी,

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के जसवंत राय मेमोरियल पुस्तकालय की ओर से इकोनामिक और पॉलीटिकल वीकली रिसर्च फाउंडेशन के इंडिया टाइम सीरीज डाटाबेस पर ऑफलाइन ओरिएंटेशन का आयोजन किया।

इसमें 100 के लगभग प्राध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुंबई से इकोनामिक एंड पॉलीटिकल वीकली रिसर्च फाउंडेशन के निदेशक डॉ. बिपिन देवाकर ने बतौर रिसोर्स पर्सन शिरकत की।

विस्तार से इस डाटाबेस और इसके उपयोग के बारे में बताया। कार्यक्रम के संयोजक और पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. दीपक अहलावत ने इस डेटा बेस को अधिक से अधिक प्रयोग करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने इस डाटाबेस में उपलब्ध डाटा को बहुत ही लाभकारी बताया। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण पुनिया, डॉ एसके पांडे, डॉ राजेंद्र देशवाल, डॉ राकेश, डॉ अनुराधा, डॉ पिंकी गुप्ता आदि ने कार्यक्रम में काफी रुचि दिखाई।

इसी प्रकार सौंदर्य और स्वास्थ्य में कैरियर विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के एनसीसी विभाग की ओर से महिला दिवस का भी आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता के तौर पर हर्ष ने शिरकत की। डॉ. अनुपमा सिहाग और डॉ. नियति ने मुख्य वक्ता का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत किया।